01720

स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

दिसम्बर, 2012

ऐच्छिक पाठ्यक्रम : हिन्दी

ई.एच.डी.-7 : हिन्दी संरचना

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

नोट : *खण्ड '**क**' में से **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। खण्ड '**ख**' **अनिवार्य** है।*

खंड - क

1. हिन्दी से उदाहरण देते हुए भाषा में ध्वनि और वर्ण के सामंजस्य का विवेचन कीजिए। **4x15=60**

2. हिन्दी में पुल्लिंग तथा स्त्रीलिंग संज्ञा शब्दों की बहुवचन रूप रचना में कौन-कौन से रूप स्वनिमिक परिवर्तन होते हैं, उदाहरण सहित समझाइए।

3. संरचना के आधार पर आप पदबंधों का वर्गीकरण किस प्रकार करेंगे ?

4. रूप सिद्धि की संकल्पना को स्पष्ट करते हुए क्रिया रूपों की संरचना का वर्णन कीजिए।

5. 'प्रोक्ति' से आप क्या समझते हैं? इसके प्रमुख अभिलक्षणों का परिचय दीजिए।

6. पारिभाषिक शब्दावली किसे कहते हैं? पारिभाषिक शब्दों के निर्माण के लिए किन प्रक्रियाओं को अपनाया जाता है?

7. 'सर्वनामों का चयन वक्ता और श्रोता के आपसी संबंधों को व्यक्त करता है' - सोदाहरण विवेचन कीजिए।

8. किन - किन विशेषताओं के आधार पर किसी लिपि को वैज्ञानिक कहा जा सकता है? देवनागरी के उदाहरणों के माध्यम से समझाइए।

खण्ड - ख

9. उपयुक्त उदाहरण देते हुए ***किन्हीं चार*** पर टिप्पणी लिखिए : 4x5=20

(a) हिन्दी में बलाघात

(b) हिन्दी में आगत स्वर तथा व्यंजन ध्वनियाँ

(c) शून्य रूपिम

(d) सहायक क्रिया के विभिन्न पक्ष

(e) संज्ञा उपवाक्य के प्रकार्य

(f) लक्षक शब्द और लक्ष्यार्थ

(g) कोड

(h) हिन्दी की साहित्यिक शैलियाँ

10. उपयुक्त शब्द चुनकर वाक्य पूर्ति कीजिए : 5x2=10

(a) हिन्दी में कुछ शब्द संस्कृत से आए हैं जिनको ________ शब्द कहा जाता है। (देशज/तद्भव/तत्सम)

(b) 'यहाँ आओ' ________ वाक्य है।
(पूर्णांग/संदर्भ आश्रित अल्पांग/ प्रकृतिगत अल्पांग)

(c) ________ मुख्य उपवाक्य की संज्ञा की विशेषता बतलाता है। (क्रिया उपवाक्य/विशेषण उपवाक्य/क्रिया विशेषण उपवाक्य)

(d) 'पंकज' और 'नीरज' ________ शब्द है।
(एकार्थी/विपरीतार्थक/समानार्थी)

(e) ________ ध्वनि के द्योतन के लिए चंद्रबिंदु (ँ) का प्रयोग किया जाता है।
(नासिक्य/अनुस्वार/अनुनासिक)

11. कोष्ठक में दिए गए निर्देश के अनुसार दिए गए वाक्यों को बदलकर लिखिए: **5x2=10**

(a) आलसी व्यक्ति कभी सफल नहीं होता।
(इस सरल वाक्य को 'जो' के प्रयोग द्वारा मिश्र वाक्य में बदलिए)

(b) पुल का उद्‌घाटन मंत्री जी ने किया। (कर्मवाच्य में बदलिए)

(c) पानी आने के बाद ही सड़क की सफ़ाई होगी।
('जब' के प्रयोग द्वारा वाक्य की संरचना बदलिए)

(d) यह काम तो मैं बड़ी ही आसानी से कर सकता हूँ।
(इसी बात को उपयुक्त मुहावरे के माध्यम से व्यक्त कीजिए)

(e) बहुत से लोग हिन्दी पढ़ता है।
(वाक्य को शुद्ध करके लिखिए)

स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

दिसम्बर, 2012

ऐच्छिक पाठ्यक्रम : हिन्दी

बी.एच.डी.ई.-107 : हिन्दी संरचना

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

नोट : *खण्ड '**क**' में से **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। खण्ड '**ख**' **अनिवार्य** है।*

खंड - क **4x15=60**

1. भाषा की संरचनात्मक इकाइयों का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

2. स्वर की परिभाषा देते हुए स्वर ध्वनियों का वर्गीकरण उदाहरण सहित कीजिए।

3. मिश्रवाक्य की संकल्पना स्पष्ट करते हुए उसके प्रकार भी उदाहरण सहित विस्तार से बताइए।

4. व्युत्पादन से क्या अभिप्राय है? इसे स्पष्ट करते हुए हिन्दी में व्युत्पादक प्रत्ययों से शब्द रचना की प्रक्रिया स्पष्ट कीजिए।

5 मुहावरा और लोकोक्ति में अंतर स्पष्ट करते हुए लोकोक्ति के प्रमुख अभिलक्षणों का उदाहरण सहित विवेचन कीजिए।

6. शब्द और पारिभाषिक शब्द में अंतर स्पष्ट करते हुए पारिभाषिक शब्दावली के निर्माण के लिए वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग ने कौन - कौन से सिद्धांत निर्धारित किए हैं? उदाहरण सहित समझाइए।

7. रिश्ते-नाते की शब्दावली के बारे में बताते हुए यह स्पष्ट कीजिए कि हिन्दी की रिश्ते-नाते की शब्दावली की सांस्कृतिक संरचना क्या है?

8. देवनागरी लिपि के नामकरण का विवेचन करते हुए देवनागरी लिपि के गुण-दोष भी बताइए।

खंड - ख

9. निम्नलिखित में से ***किन्हीं चार*** पर उदाहरण सहित टिप्पणी लिखिए। **4x5=20**

   (a) हिन्दी भाषा की शैलियाँ

   (b) प्रोक्ति

   (c) कोड मिश्रण

   (d) सर्वनाम शब्दों का सामाजिक संदर्भ

   (e) बाह्य केन्द्रित रचना

   (f) लाँग (भाषा व्यवस्था) और पेरोल (भाषा व्यवहार)

   (g) आघात (Accent)

   (h) समस्तपद

10. कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से सही शब्द चुनकर वाक्यों की पूर्ति कीजिए। **5x2=10**

   (a) हिन्दी में उपसर्ग को शब्द रचना की दृष्टि से __________ कहते हैं। (पूर्वप्रत्यय/अंत्यप्रत्यय)

   (b) वाक्य जिसके बारे में कुछ कहा जाए, उसे __________ कहते हैं। (उद्देश्य/विधेय)

   (c) वाक्य में दो शब्दों के बीच लिंग, वचन, पुरुष के अनुसार जो रूप-परिवर्तन होता है, उसे __________ कहते हैं। (शब्दक्रम/अन्विति/व्याकरणिक संबंध)

   (d) मिश्रवाक्य के उपवाक्य __________ से आपस में जुड़े होते हैं।

   (और/इसलिए/कि)

   (e) संप्रेषण की इकाई __________ है। (वाक्य/प्रोक्ति/शैली)

11. दिए गए निर्देश के अनुसार बदलिए। **5x2=10**

(a) मोहन ने काम पूरा करके भोजन किया। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

(b) शायद ही वह आज आए। (वाक्य को 'संभव है' से बदलिए।)

(c) बच्चे से शीशे का गिलास टूट गया। (कर्तृवाच्य में बदलिए।)

(d) 'महा+इन्द्र' की संधि कीजिए।

(e) मोहन ने सोहन से अपने साथ पिकनिक पर चलने के लिए कहा। ('कि' से वाक्य बदलिए)